'दूरदर्शी सोच व समावेशी व्यापारिक रणनीति विकास के लिये अहम'

'टाटा ग्रुप : फ्रॉम ट्रेलब्लेजर्स टू टॉर्चबियरर्स' की पुस्तक का विमोचन लेखक डॉ. शशंक शाह एवं आईएएस मुग्धा सिन्हा व मोहनलाल यादव ने किया।

जयपुर, (कासं)। किसी भी कार्पोरेशन को आगे बढ़ने के लिये शेयर धारकों के हितों की सुरक्षा सबसे अहम है और इसके लिये मूल्य आधारित नेतृत्व सबसे बड़ी आवश्यकता है। यदि किसी संस्थान का नेतृत्व दूरदर्शी सोच के साथ समावेशी व्यापारिक रणनीति के साथ काम करें तो वह आर्थिक एवं सामाजिक मूल्यों वाले समाज के निर्माण में अपनी भूमिका का निर्वहन कर सकता है।

यह बात 'टाटा ग्रुप : फ्रॉम ट्रेलब्लेजर्स टू टॉर्चबियरर्स' के लेखक डॉ. शशांक शाह ने सोमवार को जवाहर कला केन्द्र पर चर्चा के दौरान कही। डॉ. शाह ने कहा कि आईएएस ऐसोसिएशन द्वारा रजत बुक कॉर्नर एवं पैंग्विन बुक्स के साथ मिलकर 'किताबों पर चर्चा की शृंखला' के माध्यम से जो साहित्य के क्षेत्र में प्रयास किया गया है वह काबिल ए तारीफ है। अखिल भारतीय प्रशासनिक सेवा की अधिकारी एवं शासन सचिव, खाद्य विभाग मुग्धा सिन्हा ने बताया कि डॉ. शाह असीम क्षमताओं के धनी हैं और उनके द्वारा विन-विन कारपोरेशन तथा टाटा समूह पर 8 वर्ष से अधिक समय तक अनुसंधान कर पुस्तकें लिखी गयी है। इन पुस्तकों में इन संस्थानों की अपने शेयर धारकों की हितों की रक्षा तथा उनके सामाजिक एवं आर्थिक विकास में भूमिका का गहनता के साथ विश्लेषण किया गया है। किताब पर चर्चा कार्यक्रम में वरिष्ठ आईएएस अधिकारियों, आरएएस, अकाउण्ट सर्विस ऐसोसिएशन के अधिकारियों सहित फिक्की, सीआईआई के सदस्य, व साहित्य में रूचि रखने वाले मौजूद थे।

राष्ट्रदूत Tue, 22 January 2019
epaper.rashtradoot.com/c/35996583